

निराश हूं, मांसपेशियों में एक अच्छी-खासी चोट आई है, जिनके नाम भी मैं ठीक से नहीं ले सकता है। - बेन स्टोक्स

इंग्लैंड के कप्तान, अपनी चोट के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## हरदीप



अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के हरदीप ने 11 किलो ग्रामग्री को रोमन वर्ग में गोल्ड पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। फाइनल मुकाबले में हरदीप ने ईरान के यजदानर जाडेलरूज को कडे मुकाबले में क्लाइटेरिया के आधार पर हराया, क्योंकि मैच 3-3 की बराबरी पर खत्म हुआ था। हरदीप ने क्वालिफिकेशन राउंड में कजाखस्तान के बाकतुर सोवेत खान को 2-0 से हराया। राउंड ऑफ 16 में उन्होंने पोलैंड के माटेउस यारोस्लावटो मेल्का को 4-2 से मात दी। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन के अनातोली नोवाचेंको को 9-0 से पराजित किया।

क्या आप जानते हैं ?... ओवल पर 2021 में मिली जीत के 4 साल बाद अब मौका है एक और जीत दर्ज कर इतिहास रचने और रिकॉर्ड को सुधारने का।

## सेंट एंसलम ने सीबीएसई वेस्ट जोन अंडर-17 शतरंज चैम्पियनशिप का खिताब जीता

जयपुर, 30 जुलाई। रणनीति और धैर्य के रोमांचक प्रदर्शन में, सेंट एंसलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मानसरोवर, जयपुर (राजस्थान) की टीम सीबीएसई वेस्ट जोन अंडर-17 बॉयज शतरंज चैंपियनशिप 2025-26 की अपराजित चैंपियन बनकर उभरी, जिसका आयोजन 27 से 30 जुलाई 2025 तक टीएसएस इंटरनेशनल स्कूल, मुरैना (म.प्र.) में किया गया। पश्चिमी क्षेत्र के 37 शीर्ष विद्यालयों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए, सेंट एंसलम की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और संभावित 14 में से कुल 12 मैच पॉइंट हासिल करते हुए स्विस-सिस्टम प्ले के 7 राउंड के बाद अंतिम स्टैंडिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। चैंपियन टीम में सिद्धांत चतुर्वेदी (कप्तान), विराज मंगल, आदित्य ध्यानी और ऋषि चतुर्वेदी शामिल थे। सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त इस प्रतिष्ठित अंतर-विद्यालय चैंपियनशिप में अपने विद्यालय को जीत दिलाने के लिए प्रत्येक टीम के सदस्य ने रणनीतिक गहराई और तीव्र एकाग्रता का संयोजन करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस चैंपियनशिप में अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग की टीमों ने भाग लिया, जो नियमों और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के दिशानिर्देशों के अनुसार आयोजित की गई थी। इसका आयोजन टीएसएस इंटरनेशनल स्कूल, मुरैना द्वारा किया गया। टीम की सफलता में वेव्स और रॉयल जयपुर शतरंज क्लब का भरपूर सहयोग रहा, जिनके शतरंज विकास में निरंतर प्रयासों ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस जीत के साथ, सेंट एंसलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जयपुर ने न केवल राजस्थान का नाम रोशन किया है, बल्कि इस वर्ष के अंत में होने वाली सीबीएसई राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप 2025-26 के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।

## एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फैडरेशन ऑफ इंडिया की जनरल बॉडी की मीटिंग सम्पन्न



जयपुर, 30 जुलाई। एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी रमेश सिंह ने बताया कि जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब सभागार में एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया की महत्वपूर्ण बैठक फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ आशुतोष पन्त की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत में अध्यक्ष डॉ आशुतोष पन्त का स्वागत फेडरेशन के सीनियर उपाध्यक्ष जी एस राठौड़ ने शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ देकर किया। "हर घर हॉकी अभियान" पूरे राष्ट्र में प्रचार अभियान की तौर पर चलाया जाएगा। यह महत्वपूर्ण निर्णय अध्यक्ष ने लिया और बताया कि इस नए खेल का प्रचार और प्रसार का इस अभियान से बेहतर तरीका नहीं हो सकता। टैलेंट अगर हम तक नहीं पहुंचता तो हमें टैलेंट तक पहुंचना जरूरी है। अध्यक्ष ने बताया कि एक छोटे टेस्ट के मध्यम से और समाचार पत्रों व चैनलों के माध्यम से विज्ञापन दे कर टैलेंट सर्च अभियान चलाया जाएगा। पूर्व हॉकी खिलाड़ी अगर इस खेल से जुड़ते हैं तो उन्हें खेल में कुछ विशेष अंक देखकर चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाएगा।

## आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में राजस्थान के खिलाड़ियों ने टीम में अपना नाम दर्ज करवाया



जयपुर, 30 जुलाई। नई दिल्ली में होने वाले 24 सितम्बर से 2 अक्टूम्बर 2025 तक होने वाले आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप 2025 की द्वितीय सूची मे राजस्थान के खिलाडियो ने अपनी प्रतिभा कौशल से बनायी अपनी जगह। नई दिल्ली में होने वाले आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में खिलाडियो ने कडी मेहनत करके अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओ के लिये चुनी गयी । यह राजस्थान के नागरिको व खिलाडियो के लिये गर्व की बात है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान के खिलाडी प्रतिनिधित्व करेगें और राजस्थान व देश का नाम रोशन करेगे। राजस्थान राईफल एसोसिएशन आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में द्वितीय सूची में शूटिंग से चयनित खिलाडियो को बधाई एंव शुभकामनाएं देती है। हमे पूर्ण विश्वास है कि हमारे खिलाडी उत्कृष्ट प्रर्दशन करते हुये प्रतियोगिता मे पदक प्राप्त कर देश व राज्य का नाम रोशन करेगे। खिलाडी का नाम यशवर्धन सिंह, राजावत वाटिका, विनय प्रताप सिंह चन्द्रावत श्योपुर, कुशाग्रसिंह राजावत, दीपेन्द्र सिंह शेखावत, कुनाल शर्मा, साहिल चौधरी, सोमिल चौधरी।

## महेन्द्र सिंह धोनी बने एको के निवेशक और ब्रांड एम्बेसडर

नई दिल्ली, 30 जुलाई। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब देश की सबसे तेजी से बढ़ती बीमा कंपनी एको से जुड़ गए हैं। उन्होंने एको में निवेश करने के साथ ही ब्रांड एंबेसडर की भूमिका भी निभानी शुरू कर दी है। यह साझेदारी दोनों की उस सोच पर आधारित है जो बीमा को हर व्यक्ति के लिए आसान और भरोसेमंद बनाना चाहती है। धोनी ने अपनी फैमिली फर्म मिडाज डील्स प्राइवेट लिमिटेड के ज़रिए एको में रणनीतिक निवेश किया है। यह निर्णय इस बात को दर्शाता है कि धोनी को एको के उद्देश्य में दृढ़ आस्था है - एक ऐसा बीमा अनुभव जो सरल हो, आसानी से समझ में आए और आधुनिक भारत के लोगों के लिए सुलभ हो। साझेदारी पर बात करते हुए एम.एस. धोनी ने कहा, एक ऑटोमोबाइल प्रेमी होने के नाते मुझे हमेशा लगा कि बीमा को बेवजह जटिल बना दिया गया है।

# आरसीए एडहॉक कमेटी एक करोड़ रु. की राशि हॉकी भवन व मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा का निर्माण हेतु देने को तैयार : कुमावत



जयपुर, 30 जुलाई। जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडीएम स्थित आरसीए एकेडमी का बदलकर मेजर ध्यानचंद के नाम का प्रस्ताव दिया गया है जिसके समस्त क्रिकेट जगत व आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत और सदस्य आशीष तिवारी, पिंकेश पोरवाल, धनंजय सिंह खींवसर, मोहित यादव आरसीए एडहॉक कमेटी व खिलाडियों ने इस पर पुन: विचार किया जाए, इसलिए डा. नीरज कुमार पवन, शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद जयपुर को एक लेटर लिखा है।

लेटर में बताया गया है कि आरसीए एडहॉक कमेटी मेजर ध्यानचंद को हॉकी के जादूगर के नाम से विश्वविख्यात है व हमारी पूरी टीम व क्रिकेट जगत उनका पूरा सम्मान करते है। कमेटी का अनुरोध है कि राजस्थान क्रिकेट संघ एक करोड़ रूपये की राशि सवाई मान सिंह स्टेडियम स्थित हॉकी मैदान में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा (स्टेच्यू) व भवन निर्माण हेतु तत्पर है व कमेटी का मानना है कि हॉकी भवन व मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा का निर्माण मेजर ध्यानचंद को सच्ची श्रद्धांजलि होगी, साथ ही राज्य हॉकी के युवा खिलाडियों को प्रेरणा भी देगा।

समस्त क्रिकेट जगत व राज्य के युवा खिलाडियों की भावनाओं के अनुसार कमेटी का प्रस्ताव है कि सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित आरसीए एकेडमी का नाम महाराजा रणजीत सिंह (फादर ऑफ इंडियन क्रिकेट) जिनके नाम से देश की सबसे प्रतिष्ठित रणजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता खेली जाती है रखा जाए। कमेटी का यह भी मानना है कि राज्य के पूर्व खिलाडियों व खेल प्रशासकों ने भी राज्य की क्रिकेट के उत्थान में हम योगदान दिया है जिसमे विषेश रूप से राज सिंह डूंगरपुर, हनुमंत सिंह, लक्षमण सिंह, किशन रूंगटा, पार्थसारथी शर्मा व जयपुर के महाराजा का भी खेल जगत में अहम् योगदान रहा है।

## आरसीए ने स्टेडियम और एकेडमी पर 62.50 करोड़ खर्च किए थे



जयपुर, 30 जुलाई। आरसीए ने 2005 से 2008 तक सवाई मानसिंह स्टेडियम में विकास कार्य करवाया था जिसमें ग्रीन भवन का विकास 3 करोड़ रुपए, इनडोर स्टेडियम का विकास 3 करोड़ रुपए, अकादमी मैदान का विकास 2.5 करोड़ रुपए, अकादमी भवन का विकास 20 करोड़ रुपए, उत्तरी भवन का विकास 10 करोड़ रुपए, दक्षिणी भवन का विकास 10 करोड़ रुपए, एसएमएस स्टेडियम के मुख्य मैदान का विकास 6 करोड़ रुपए, रेस्टोरेंट का विकास 4 करोड़ रुपए, जिम का विकास 3 करोड़ रुपए और बीसीआर कक्ष का विकास 1 करोड़ रुपए का खर्चा आया था। कुल मिलाकर आरसीए ने 62.50 करोड़ रुपए खर्च कर ये सभी निर्माण कराया था। इसके अलावा 20 वर्षों में इस का मेंटीनेंस का खर्चा अलग है।

## बुमराह की अनुपस्थिति में सीरीज में बराबरी करने उतरेगी टीम इंडिया

लंदन, 30 जुलाई। भारतीय टीम चौथा टेस्ट साहसिक ढंग से ड्रा कराने के बाद नए उत्साह से इंग्लैंड के खिलाफ गुरूवार से शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट में सीरीज बराबर करने के लक्ष्य के साथ उतरेगी। हालांकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अंतिम टेस्ट मैच में नहीं खेलेंगे। भारतीय टीम पांच मैचों की सीरीज में 1-2 से पीछे है। भारत और इंग्लैंड की टीमें गुरूवार को जब ओवल के मैदान पर उतरेंगी, तो बहुत कुछ दांव पर होगा। जहां पिछले मैच की ड्रॉ से उत्साहित भारतीय टीम इस मैच को जीतकर सीरीज ड्रॉ कराने के लिए उतरेगी, वहीं इंग्लैंड की टीम इस मुकाबले को अपना बनाकर सीरीज को भी अपना बनाना चाहेगी। लॉर्ड्स और मैनचेस्टर टेस्ट का अंत बहुत नाटकीय ढंग से हुआ था और जिस तरह से ओवल में अभ्यास सत्र की शुरूआत हुई है, उससे इस मैच के भी बेहद ही रोचक होने की संभावना है। मैनचेस्टर और ओवल टेस्ट के बीच सिर्फ तीन दिन का अंतर है, इसलिए वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह इस मैच में नहीं खेलेंगे और मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी आक्रमण की शुरूआत करेंगे।

## खेल भवन का नाम भी बदल सकते है

## खेल विभाग ओर खेलो की बजाय सिर्फ क्रिकेट पर ही निशाना साधते नजर आ रहा हैं



जयपुर, 30 जुलाई। खेल विभाग ने सवाई मानसिंह स्टेडियम के अंदर बने खेल विभाग का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद रख सकते हैं। वैसे भी जहां तक क्रिकेट अकादमी का सवाल है कि उसका नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद रखा जा रहा है, मेजर ध्यानचंद हॉकी खिलाड़ी थे ना कि क्रिकेट खिलाड़ी।

वैसे भी हॉकी ग्राउंड पर जब से एस्ट्रोट्फ लगा है तब से आज तक खेल विभाग द्वारा कोई चेंजिंग रूम, बाथरूम, खिलाड़ियों की कीट रखने का रूम, स्टाफ के बैठने की जगह तक नहीं बनाई गई है। क्रिकेट मैदान के बाहर और नए खेल भवन के बाहर इस बरसात में पानी भरा हुआ है उसकी निकासी का कोई इंतेज़ाम नहीं है। खेलो इंडिया में आने वाले खिलाड़ियों को इस बरसात में कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा ये तो वक्त ही बताएगा।

आखिर खेल विभाग सिर्फ क्रिकेट पर ही सारा ध्यान क्यों देता है जबकि साइक्लिंग वेलोड्रम की हालत किसी भी तरह छुपी हुई नहीं है। हर जगह टूटी फूटी दीवारें, ग्रास की कटिंग नहीं है। कैसे खिलाड़ी अपनी प्रैक्टिस करने आयेंगे।

## यह है पूरा मामला

# अब आरसीए एकेडमी का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद भवन



जयपुर, 30 जुलाई। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एकेडमी का नाम मंगलवार को बदल दिया गया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में स्थित आरसीए एकेडमी के नाम से पहचाने जाने वाला भवन अब मेजरध्यानचंद भवन के नाम सेजाना जाएगा। मंगलवार को खेल विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए। उल्लेखनीय है खेल विभाग के अधिकारियों ने सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित आरसीए एकेडमी भवन का नामबदलकर उसका प्रस्ताव खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को भेजा था। जिस पर खेलमंत्री ने मंगलवार को स्वीकृति जारी कर दी है। ऐसे में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन एकेडमी के नाम से पहचाने जाने वाला

**भवन अब हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद**

भवन के नाम से जाना जाएगा। राजस्थान खेल परिषद के सचिव राजेंद्र सिंह सिसोदिया के अनुसार राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन से सवाई मानसिंह स्टेडियम का एमओयू खत्म हो गया है। अब सवाई मानसिंह स्टेडियम का स्वामित्व पूरी तरह से खेल परिषद के हाथों में है। ऐसे में खेल परिषद ने आरसीए एकेडमी भवन का नाम बदल मेजर ध्यानचंद भवन करने का फैसला किया था। इसके संबंध में उच्च अधिकारियों से स्वीकृति मिल चुकी है। इस एकेडमी का निर्माण 2005 में आरसीए के पूर्व अध्यक्ष ललित मोदी ने करवाया था। इस परिसर में क्रिकेट मैदान के साथ रेस्टोरेंट, जिम, तरणताल एवं ऑफिस के साथ-साथ खिलाड़ियों के रहने के कमरे भी शामिल है।

## मुझे समझ ही नहीं आया कि क्यूरेटर ने हेडकोच के साथ बहस क्यों की : शुभमन गिल



लंदन, 30 जुलाई। भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला गुरुवार, 31 जुलाई से होने वाला है। इस मैच से पहले टीम इंडिया के हेडकोच गौतम गंभीर ओवल मैदान के पिचक्यूरेटर ली फोर्टिस से बहस के कारण चर्चा में हैं। इस मामले पर अब कप्तान शुभमन गिल की 5वें टेस्ट मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। इस बीच गिल ने गंभीर और क्यूरेटर के बहस को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है।

शुभमन गिल ने गंभीर और पिच क्यूरेटर की बहस पर एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि मुझे समझ ही नहीं आया कि क्यूरेटर ने हेडकोच के साथ बहस क्यों की। शुभमन गिल ने कहा कि, मुझे नहीं पता कि कल क्या हुआ था और पिच क्यूरेटर ने ऐसा क्यों किया। हमने चार मैच खेले हैं और किसी ने हमें रोकने की कोशिश नहीं की। सभी ने बहुत क्रिकेट खेला है और कोच और कप्तान कई बार विकेट देखने गए हैं। मुझे नहीं पता कि इतना हंगामा किस बात का था।

गिल ने कहा कि, अगर कोई क्यूरेटर हमें विकेट को न देखने या तीन मीटर पीछे से देखने के लिए कहता है, तो ऐसा हमने पहले कभी नहीं देखा। हम लंबे समय से क्रिकेट खेल रहे हैं और जब तक आप रबर स्पाइक्स या नंगे पैर हैं, आपको विकेट को करीब से देखने की अनुमति है। ये कोच और कप्तान का काम है।

## स्टोक्स ओवल टेस्ट से बाहर, पोप करेंगे इंग्लैंड की अगुवाई



लंदन, 30 जुलाई। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स भारत के खिलाफ 31 जुलाई से ओवल में शुरू हो रहे पांचवें टेस्ट से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह ऑली पोप टीम की अगुवाई करते नजर आएंगे। इसके साथ ही ब्रायडन कार्स और जोफ्रा आर्चर को आराम दिया गया है। गस एटकिंसन, जेमी ओवर्टन और जॉश टंग इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण में शामिल किए गए हैं। वहीं जेकेब बेथल भी अंतिम टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा हैं।

स्टोक्स ने मैनचेस्टर टेस्ट में 141 रनों की पारी खेलने के साथ ही पहली पारी में भारत के पांच विकेट, दूसरी पारी में एक विकेट हासिल किया था। स्टोक्स को उनके इस प्रदर्शन के चलते प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया था।

स्टोक्स को ओवल टेस्ट के तीसरे दिन बल्लेबाजी के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव आया था जिसके चलते वह रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। हालांकि इंग्लैंड की बल्लेबाजी को लड़खड़ाता देख वह बल्लेबाजी करने के लिए उतरे और उन्होंने दिन के खेल की समाप्ति तक 77 रन बना लिए थे। अगले दिन स्टोक्स ने अपनी पारी को आगे बढ़ाया और 141 रनों की पारी खेलकर इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

हालांकि चौथे दिन स्टोक्स ने एक भी ओवर की गेंदबाजी नहीं की थी लेकिन अंतिम दिन उन्होंने खुद ही इंग्लैंड के लिए गेंदबाजी की शुरुआत करने का फैसला किया। स्टोक्स ने कुल 11 ओवर की गेंदबाजी की और 33 रन देते हुए के एल राहुल का विकेट चटकाया। भारत ने यह मैच बचा लिया और इंग्लैंड मैनचेस्टर में सीरीज अपने नाम नहीं कर पाया। इंग्लैंड के सामने अब स्टोक्स की अनुपस्थिति में घर पर सीरीज जीतने की चुनौती होगी।

## हेड और हेजलवुड की दक्षिण अफ्रीका सीरीज के लिए वापसी

मेलबर्न, 30 जुलाई। ट्रैविस हेड और जोश हेजलवुड दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए सीमित ओवरों की टीम में वापसी कर चुके हैं, जिससे ऑस्ट्रेलियाई गर्मियों की शुरुआत हो रही है। हेड और हेजलवुड दोनों को हाल ही में कैरेबियाई दौरे पर समाप्त हुई पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए नहीं चुना गया था, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 5-0 से जीता था। वेस्टइंडीज के खिलाफ उस सीरीज के लिए मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस पर भी विचार नहीं किया गया था और व्यस्त घरेलू सीजन से पहले उन्हें आराम दिया जा रहा है। कमिंस की अनुपस्थिति के कारण, मिशेल मार्श दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे टीम की भी कमान संभालेंगे। स्टीव स्मिथ और ग्लेन मैक्सवेल के हाल ही में संन्यास लेने के बाद वनडे टीम में मध्यक्रम में जगह खाली होने के कारण, चयनकर्ताओं ने मिशेल ओवेन को पहली बार 50 ओवरों की टीम में शामिल किया है और हाल ही में वापसी करने वाले कैमरन ग्रीन को भी टीम में शामिल किया है। टेस्ट टीम से बाहर किए जाने के बावजूद, मार्नस लाबुशेन वनडे टीम में अपनी जगह बरकरार रखने में कामयाब रहे हैं।

## अभिषेक टी-20 रैंकिंग में बने नंबर-1, विराट और सूर्यकुमार के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय

दुबई, 30 जुलाई। अभिषेक शर्मा, विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव के बाद आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल करने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड ने एक साल से ज्यादा समय में पहली बार यह शीर्ष स्थान छोड़ दिया है।

अभिषेक पिछले साल जिम्बाब्वे के खिलाफ शानदार टी20 शतक लगाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छा गए थे, लेकिन हाल ही में दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के दम पर 24 वर्षीय इस खिलाड़ी ने बल्लेबाजों की रैंकिंग में हेड को पीछे छोड़ दिया है और टी20 में नए नंबर 1 बल्लेबाज बन गए हैं।

पिछले साल आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के दौरान सूर्यकुमार को पीछे छोड़ने के बाद से हेड नंबर 1 रैंकिंग पर थे, लेकिन कैरिबियन में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की हालिया टी20 श्रृंखला से बाहर रहने के फैसले के बाद अभिषेक शीर्ष स्थान हासिल करने वाले भारत के केवल तीसरे खिलाड़ी बन गए।

हेड से पहले सूर्यकुमार शीर्ष रैंकिंग पर थे, जबकि कोहली टी20 क्रिकेट में यह प्रतिष्ठित स्थान हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी थे, जब उन्होंने 2014 और 2017 के बीच अधिकांश समय तक नंबर 1 स्थान बनाए रखा था।

हालांकि हेड टी20 बल्लेबाजों की अद्यतन रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गए, लेकिन हाल ही में घर से बाहर वेस्टइंडीज पर पांच मैचों की श्रृंखला में 5-0 की प्रभावशाली जीत के बाद उनके ऑस्ट्रेलियाई साथियों के एक बड़े समूह को बड़ी बढ़त मिली। दाएं हाथ के जोश इंगलिस टी20 बल्लेबाजों की सूची में छह स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर आ गए हैं, टिम डेविड 12 स्थान ऊपर चढ़कर 28वें स्थान पर आ गए हैं, जबकि कैमरन ग्रीन पांच मैचों में 205 रन बनाने और प्लेयर ऑफ द सीरीज बनने के बाद 64 स्थान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर आ गए हैं।

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज नाथन एलिस (सात स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर) और सीन एबॉट (21 स्थान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर) टी20 गेंदबाजों की नवीनतम रैंकिंग में आगे बढ़े हैं, जबकि न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी (10 स्थान ऊपर चढ़कर 19वें स्थान पर) ने दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे पर त्रिकोणीय श्रृंखला में न्यूजीलैंड की सफल जीत के दौरान कुछ प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद गेंदबाजी सूची में तेजी से सुधार किया है। इंग्लैंड के अनुभवी खिलाड़ी जो रूट ने आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी बढ़त बढ़ा ली है क्योंकि युवा अभिषेक शर्मा सफेद गेंद के महान बल्लेबाज विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव के साथ शामिल हो गए हैं।

## मनीष व पारुल पुरुष व महिला एकल के विजेता



जयपुर, 30 जुलाई। सवाई मानसिंह स्टेडियम बैडमिंटन हॉल में आज संपन्न हुई राजस्थान रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में जयपुर के जंगजीत सिंह काजला ने दोहरे खिताब जीते। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक व एक रजत पदक जीता। उन्होंने बॉयज अंडर-19 डबल, मिक्स्ड डबल्स अंडर 19 के स्वर्ण पदक तथा बॉयज अंडर 19 सिंगल्स का रजत पदक जीता।

वही जयपुर के मनीष फौगाट ने मेंस सिंगल्स का स्वर्ण पदक तथा वूमेन सिंगल्स में चूरू की पारूल चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता तथा गर्ल्स सिंगल्स अंदर-19 में जयपुर की ही सौम्या भटनागर ने स्वर्ण पदक जीता।

बॉयज डबल्स अंदर-19 के फाइनल में जयपुर के जगजीत सिंह काजला व अरनव शर्मा की जोड़ी ने गुरतेज सिंह व यश सोनी की जोड़ी को आसानी से 21- 19 ,21 -10 से परस्त किया। वही मिक्स डबल्स के फाइनल में जंग जीत सिंह काजला व काव्या शर्मा की जोड़ी ने मुरली शर्मा व सुहासी वर्मा को 21 -19, 21-18 से परास्त किया लेकिन जगजीत सिंह काजला बॉयज अंडर 19 के एकल में जयपुर के ही गुरतेज सिंह वशिर से लंबे चले तीन गेम में 21-17 ,14 -21 ,9- 21 से हार कर उन्हें रजत पदक पर ही संतोष करना पड़ा। इस तरहअंडर-19 बॉयज सिंगल्स में गुरतेज सिंह बशीर ने स्वर्ण पदक जीता।

पुरुष एकल फाइनल में जयपुर के मनीष फौगाट ने 21-7 ,16-21 ,21-8 तीन गेम में जयपुर के ही कार्तिक जैन को हरा फाइनल जीता वही चूरू की पारूल चौधरी ने वूमेन सिंगल्स एकल फाइनल में जयपुर की सुहासी वर्मा को सीधे व आसन गेम में 21-8, 21 - 8 से परास्त किया। अंडर-19 गर्ल्स सिंगल्स में जयपुर की सौम्या भटनागर से फाइनल खेलते हुए चूरू की पारूल चौधरी रिटायर्ड होने के कारण 5 -3 पर ही मैच छोड़कर चली गई। इस कारण सौम्या भटनागर विजेता रही।

गर्ल्स अंडर 19 डबल्स फाइनल में जयपुर और जोधपुर की जोड़ी मोक्षिता भारद्वाज व तनीषा यादव ने कोटा व उदयपुर की जोड़ी अदिति शर्मा व साक्षी सिंह को हराया। वही मिक्स डबल्स फाइनल में उदयपुर की जोड़ी हर्ष चपलोत अन्दिता तामरा ने टोंक और राजसमंद की जोड़ी सचिन झांझरिया व तनीषा सिंह को हराया। वूमेन डबलस के फाइनल में टॉक और जयपुर की जोड़ी सुनील चौधरी उत्सवा पालेट ने टोंक की जोड़ी भावना शर्मा व सुमन शर्मा को फाइनल में हराया। वहीं मेंस डबल्स फाइनल में जयपुर और टोंक की जोड़ी आर्यन त्यागी वह मुरली शर्मा ने भुवन सिंह व राज शुक्ला भरतपुर जयपुर की जोड़ी को हराया।

आयोजन सचिव मनोज दासोत के अनुसार आज दोपहर हुए पारितोषिक वितरण में मुख्य अतिथि व शानदार बैडमिंटन खिलाड़ी रहे रिटायर्ड चीफ जस्टिस एन के जैन कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान बैडमिंटन संघ के सचिव के के शर्मा ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहम्मद जाकिर हुसैन ज्वाइंट सेक्रेट्री राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएशन चंद्रेश शर्मा कार्यकारिणी सदस्य राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएशन तथा अतुल गुप्ता रहे। सभी विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को परितोषित के रूप में मेडल, सर्टिफिकेट, नगद राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में मनोज दासोत ने सभी खिलाड़ियों ,अंपायर, राजस्थान बैडमिंटन संघ के सभी पदाधिकारी तथा खिलाड़ियों के परिवार जनों को पूर्ण सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## एक बार फिर भारत ने पाक के साथ मैच खेलने से किया इंकार, सेमीफाइनल में होनी थी भिड़ंत

नई दिल्ली, 30 जुलाई। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के सेमीफाइनल में भारत चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस के खिलाफ खेलने से एक बार फिर इनकार कर दिया है। ये मैच गुरुवार 31 जुलाई को होना था। भारतीय टीम का कहना है कि वे पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी तरह का मुकाबला नहीं खेलना चाहते। टीम ने पहलगाम में हुए भीषड़ आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ किसी भी द्विपक्षीय खेल संबंध के खिलाफ देश के रुख का हवाला दिया है। भारत चैंपियंस ने मंगलवार के वेस्टइंडीज चैंपियंस को सिर्फ 13.2ओवर में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ मैच को लेकर उन्होंने पहले ही आपत्ति जताई थी। इससे पहले भी ग्रुपस्टेज का भारत-पाकिस्तान मैच रद्द कर दिया गया था। क्योंकि खिलाड़ियों और टूर्नामेंट के एक मुख्य स्पॉन्सर ने विरोध जताया था। वहीं गुरुवार को भारत ने एजबेस्टन क्रिकेट ग्राउंड पर टूर्नामेंट का सेमीफाइनल में पाकिस्तान से खेलना था।

## महिला एशिया कप 2026 के लिए भारत ग्रुप-सी में

नई दिल्ली, 30 जुलाई। भारत को 1 से 26 मार्च, 2026 तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी महिला एशिया कप 2026 के लिए जापान, वियतनाम और चीनी ताइपे के साथ ग्रुप सी में रखा गया है। भारत अपने सभी ग्रुप चरण के मैच पर्थ रेक्टेंगुलर स्टेडियम में खेलेगा। वे अपने अभियान की शुरुआत 4 मार्च को वियतनाम के खिलाफ करेंगे, उसके बाद जापान और वियतनाम के खिलाफ मैच होंगे। सिडनी टाउन हॉल में आयोजित समारोह में भारतीय मिडफील्डर संगीता बासफोर, ऑस्ट्रेलिया की तामेका यालोप और कोरिया गणराज्य की जियोन यू-ग्योंग के साथ तीन ड्रॉ सहायकों में से एक थीं। कुल 12 टीमों को चार-चार के तीन समूहों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें, साथ ही तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें, क्वार्टर फ़ाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। ड्रॉ से पहले, भारत को नवीनतम फीफा रैंकिंग के आधार पर ईरान और बांग्लादेश के साथ पॉट 4 में रखा गया था। ब्लू टाइग्रेसेस, जिसने थाईलैंड, इराक, तिमोर-लेस्ते और मंगोलिया पर जीत के बाद एएफसी महिला एशिया कप क्वालीफायर में ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया था, 4 मार्च, 2026 को वियतनाम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

## अरुण को गेंदबाजी कोच नियुक्त किया

लखनऊ, 30 जुलाई। लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सीजन के लिए भरत अरुण को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज, जिन्हें गेंदबाजी कोच के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भारत की गेंदबाजी इकाई का मार्गदर्शन और प्रेरणा देने का श्रेय दिया जाता है।